卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 249 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦20 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## घर वालों से नाराज युवक नदी में कूदा, बचाने के लिए पिता ने भी लगाई छलांग

देहरादून(उद संवाददाता)। विकासनगर में परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज हुआ युवक बुधवार रात शक्ति नहर के कूद गया। बेटे को बचाने के के लिए पिता ने भी नदी में छलांग लगा दी। सूचना पर मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने पिता-पुत्र की तलाश अभियान शुरू किया। लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरिपुर निवासी 30 वर्षीय शिव कुमार उर्फ सनी पुत्र बालक राम अपने परिवार वालों से किसी बात को लेकर नाराज था। नाराज होकर



वह ढकरानी कोर्ट पुल के पास शक्तिनहर के किनारे बैठा हुआ था। बेटे को ढूंढने के लिए घर से निकले बालक राम उसे ढूंढते ढूंढते शक्ति नहर किनारे पहुंच गये। पिता को सामने देखते ही शिव कुमार शक्तिनहर में कूद गया। बेटे को नहर में छलांग लगाते देख पिता को कुछ नहीं सूझा और बेटे को बचाने के लिए बालक राम ने भी शक्तिनहर में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआर एफ की टीम मौके पर पहुँची। देर रात तक पिता-पुत्र की तलाश में एसडीआरएफ (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरी क्रेन और कार, चार लोग घायल

टिहरी(उद संवाददाता)। टिहरी के कोडियाला में साकनीधार के पास स्विफ्ट कार को टो करने गई क्रेन के ब्रेक फेल हो गये। जिसके चलते क्रेन और कार खाई में गिरकर पहाड़ी पर अटक गये। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ रेस्क्यू अभियान चलाकर बमुश्किल घायलों को खाई से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक पंजाब से घूमने आये पर्यटकों की कार साकनीधार के पास खराब हो गयी थी। जिस पर उन्होंने क्रेन मंगाई थी। क्रेन ने खराब कार को मैकेनिक के पास ले जाने निकली ही थी कि कुछ दूरी पर जाकर क्रेन के ब्रेक (शेष पृष्ठ सात पर)



## विद्युत कटौती पर फूटा गुस्सा, विद्युत कार्यालय में तालाबंदी

रामनगर(उद संवाददाता)। पिछले करीब डेढ़ माह से रामनगर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार की जा रही पूरी तरह चौपट हो गई है। विद्युत कटौती के विरोध में गुरुवार को रामनगर विद्युत कार्यालय में पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने विद्युत कार्यालय में तालाबंदी भी की।इस दौरान





अघोषित विद्युत कटौती के चलते भीषण गर्मी में जनता का जीना मुश्किल हो गया है। विद्युत कटौती के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था भी नेगी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने हाथ पर लालटेन और पंखे लेकर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विधायक दीवान सिंह बिष्ट के पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय नेगी ने कहा कि विद्युत कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है। लगातार विद्युत कटौती से जनता बुरी तरह परेशान (शेष पृष्ठ सात पर)

## पंतनगर पहुंचने पर डिंपल यादव का किया स्वागत

पंतनगर (उद संवाददाता)। समाज वादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी की सांसद डिंपल यादव का पंतनगर में सपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बता दें डिंपल यादव दो दिवसीय नैनीताल भ्रमण पर आई थी। उन्होंने अपने दौरे को बेहद गोपनीय रखा था। उनके साथ उनकी माता और बेटा था। 18 जून को डिंपल यहां आई थी और भीमताल में रुकी थी। इस दौरान उन्होंने कैंची धाम जाकर बाबा नीम करौरी के दर्शन भी किए थे। बृहस्पतिवार की सुबह पंतनगर एयरपोर्ट पर सपा कार्यकर्ताओं से उन्होंने मुलाकात की। पार्टी कार्यकर्तों ने उनको बाबा नीम करौरी महाराज की फोटो भेंट की। इसके साथ उत्तर प्रदेश में प्रचंड जीत की बधाई दी। इसके बाद डिंपल चार्टर्ड विमान से लखनऊ रवाना हो गई। वहां पर सपा राष्ट्रीय महासचिव यूथ ब्रिगेड अरविंद यादव, किसान नेता तेजेंद्र विर्क, ओशियन यादव, प्रज्ञा चौधरी, अरविंद दिवाकर, गुरकीरत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## दीवार ढहने से एक की मौत

### आम की चाह में गयी जान,परिवार में कोहराम

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। घर की छत पर चढ़कर आम तोड़ने के दौरान दिवार ढहने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।



जानकारी के मुताबिक गुरुग्राम निवासी 45 वर्षीय उत्तम मंडल गुरूवार सुबह लकड़ी की सीढी लगाकर अपने घर की छत पर आम तोड़ने के लिए चढ़ा था। इसी दौरान अचानक छत की दिवार ढहने से उत्तम मण्डल दिवार सहित नीचे गिरकर मलवे में दब गया। दिवार गिरने की आवाज सुनकर परिवार व आस पड़ोस के लोग एकत्र हो गये। मलवे से उत्तम मण्डल को बाहर निकालकर आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म ले जाया गया। जहाँ डॉक्टर नी होने के कारण घायल को इलाज नही मिल गया। परिजन घायल को सितारगंज के एक निजी चिकित्सालय मे ले गये वहां भी बेहतर सुविधा उपलब्ध न होने की बात कहकर मना कर दिया गया। उसके (शेष पृष्ठ सात पर)

## घास काटती महिला को सांप ने डसा, मौत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गत सायं किच्छा रोड़ पर ग्राम शिमला पिस्तौर के जंगल में नदी किनारे घास काट रही महिला के पैर में विषैले सांप ने डस लिया। जिसका अनेक स्थानों पर झाड़ फूस कराने के बाद भी कोई फायदी नहीं हुआ तो



परिजन उसे आज प्रात: उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक पूछताछ की। जानकारी के अनुसार ग्राम शिमला पिस्तौर निवासी 40 वर्षीय नैना देवी पत्नी प्रमोद परिवार के साथ मजदूरी करती थी। परिजनों ने बताया कि गत सायं नैना ग्राम शिमला पिस्तौर के जंगल में नदी किनारे घास का रही थी। इसी दौरान उसके पैर में एक विषैले सांप ने डस लिया। शोर की आवाज आने पर साथी लोग वहां आ पहुंचे। नैना को गंभीर हालत में परिजन उपचार के लिए क्षेत्र में झाड़फूस करने वाले कई लोगों के पास ले गये। लेकिन इसका कोई फायदा न होने पर परिजन उसे आज प्रात: जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक नैना का एक पुत्र व एक पुत्री है।

## संदिग्ध हालातों में युवक गंभीर प्राईवेट पार्ट में भी गंभीर चोट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिनेशपुर क्षेत्र के एक युवक को संदिग्ध हालातों में गंभीर घायल अवस्था में निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर



देखते हुए हायर सैंटर रैफर कर दिया। बताया जाता है कि युवक को उसके साथी अस्पताल लेकर आये थे। उसके साथ दुर्घटना हुयी या फिर उस पर हमला हुआ ? इस सम्बंध में अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो पायी है। जानकारी के मुताबिक विगत रात्रि दिनेशपुर के नेतानगर निवासी युवक गोविंद पुत्र सोबन सिंह को कुछ लोग गंभीर हालत में निजी अस्पताल लेकर आये। युवक का सिर फूटा हुआ था और शरीर के अन्य हिस्सों के साथ ही प्राईवेट पार्ट में भी गंभीर चोट थी। युवक का काफी खून बह चुका था। निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हल्द्वानी रैफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे हल्द्वानी ले गये। चिकित्सकों की मानें तो (शेष पृष्ठ सात पर)

## 153 किलो गौमांस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर।थाना आईटीआई अंतर्गत पैगा चौकी पुलिस एवं गौवंश संरक्षण स्क्वॉड ने प्रतिबंधित गौमांस के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक तस्कर मौके से फरार हो गया। जनपद में गौकशी एवं पशु क्रूरता पर रोकथाम के लिए एसएसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत पैगा चौकी पुलिस ने मुखविर की सूचना पर सलमान हुसैन पुत्र लियाकत हुसैन निवासी ग्राम गुलड़िया एवं लियाकत हुसैन पुत्र मो0 हनीफ निवासी ग्राम गुलड़िया को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 153 किलोग्राम गौवंशीय मांस व मांस काटने के औजार बरामद किए। मौके से इस्तिखार पुत्र शराफत निवासी ग्राम बांसखेड़ी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है। फरार अभियुक्त की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अनिल उपाध्याय, गौवंश संरक्षण स्क्वॉड किच्छा के उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह, अपर उप निरीक्षक सोमवीर सिंह, हेड कांस्टेबल दीवान नाथ, प्रमोद कुमार, कांस्टेबल संजय कुमार,राजकुमार, बलवन्त सिंह, दलीप कुमार आदि शामिल थे।



## अंडर पास की तकनीकी खामियां दूर होंगी: शिव

### प्रस्तावित रेलवे अंडर पास का विधायक ने किया निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। छतरपुर भूरारानी क्षेत्र से लगे ओमेक्स के पीछे अंडरपास निर्माण को लेकर चल रहे गतिरोध के बीच विधायक शिव अरोरा ने मौके का स्थलीय निरीक्षण किया और खामियों को दूर कराकर जनहित में निर्णय लिये जाने का आश्वासन दिया। बता दें अंडर पास को लेकर ग्रामीणों और ओमेक्स वासियों के बीच चल रहे गतिरोध को देखते हुए निर्माण कार्य बंद कर दिया गया है। जिसको लेकर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा शांति बिहार छतरपुर मार्ग पर ओमेक्स के पीछे प्रस्तावित रेलवे अंडर पास स्थल पर पहुचे जहाँ सैकड़ो ग्रामीण पहले से इकट्ठा थे, विधायक ने ग्रामीणों के साथ निर्माण स्थल का मौका मुआयना किया और उनकी समस्या को बारी बारी से सुना। सभी ने एक मत मे अंडर पास बनाने की मांग की। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि यह जनहित का विषय है जिससे बहुत बडी आबादी जुडी है। जनभावनाओं के अनुरूप कार्य होना चाहिए। अंडर पास होने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय लोग जो सिडकुल के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)



# हत्यारोपितों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा सुद्धोवाला जेल

## कोर्ट परिसर में पीटने का प्रयास,मृतक की पत्नी ने नौकरी और परिवार को सुरक्षा देने की गुहार लगाई

देहरादून(उद संवाददाता)। देहरादून में रवि बडोला हत्याकांड के मुख्य आरोपित रामवीर और अंकुश को पुलिस बुधवार को कोर्ट में पेश करने पहुंची तो गुस्साए लोगों ने दोनों को पीटने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ देर के लिए कोर्ट परिसर के बाहर अफरा- तफरी मच गई। हालांकि पुलिस दोनों आरोपितों को सुरक्षित निकाल ले गई। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में सुद्धोवाला जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों की कस्टडी रिमांड मांगी है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में इस पर 21 जून को सुनवाई होगी। वहीं मृतक रवि की पत्नी ने स्थायी नौकरी और परिवार को सुरक्षा देने की गुहार लगाई है। रविवार देर रात रायपुर थाना क्षेत्र के डोभाल चौक के पास सोनू भारद्वाज से अपनी कार वापस लेने गए रवि बडोला और







उसके दो साथियों पर गोली चला दी गई थी। रवि बडोला की मौत हो गई थी, जबकि सुभाष क्षेत्री और मनोज नेगी गंभीर घायल हो गए थे। दोनों घायल श्री महंत इंदिरेश अस्पताल में आइसीयू में भर्ती हैं। पुलिस ने सोमवार को ही सोनू भारद्वाज, उसके भाई मोनू भारद्वाज और शंभू यादव को गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपित रामवीर को मुठभेड़ के बाद राजस्थान से गिरफ्तार किया गया जबकि सोनू भारद्वाज के गुर्गे अंकुश को देहरादून से दबोचा गया। मनीष और योगेश कुमार को बहादराबाद हरिद्वार में मंगलवार देर रात मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया। बुधवार को पुलिस हत्यारोपित रामवीर और अंकुश को कोर्ट में पेश करने पहुंची। इस दौरान पास ही जिलाधिकारी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन के लिए नेहरू ग्राम के लोग भी पहुंचे थे। कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान लोगों को सूचना मिली की कोर्ट में रामवीर को पेश किया गया है तो वे कोर्ट परिसर की ओर चले गए। कोर्ट के गेट के पास आरोपितों को पुलिस वैन में ले जाते समय भीड़ आक्रोशित हो गई और आरोपितों पर पीटने का प्रयास किया गया। हालांकि पुलिस दोनों को बचाकर ले गई। वहीं मूल निवास भू-कानून समन्वय संघर्ष समिति ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता कर बृहस्पतिवार को सुबह 10 से 12 बजे तक देहरादून बंद की अपील की है। समिति के संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि उत्तराखंड में लगातार अपराध बढ़ रह है। मूल निवासियों का उत्पीड़न कर उनकी हत्या की जा रही है। उन्होंने सभी से बंद में सहयोग देने की अपील की है।

## सड़क जाम करने वालों पर मुकदमा दर्ज किया

देहरादून। रवि बडोला हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन कर यातायात व्यवस्था को बाधित करने और तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि, पुलिस का दावा है कि शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि डोभाल चौक पर हुई फायरिंग की घटना के विरोध में कुछ व्यक्तियों की ओर से डोभाल चौक के पास शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया जा रहा था, इस दौरान कुछ अराजकतत्व वहां पहुंचे और तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न कर दी। विनीत उर्फ बंटू, राम कंडवाल, सुरेश शाह, अनिल डोभाल, आशीष व 20-25 अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने भीड़ को उकसाते हुए छह नंबर पुलिया चौक तक नारेबाजी की। चौक पर चारों ओर मोटर साइकिल, स्कूटर व खाली ड्रम लगाकर आवागमन बाधित किया। साथ ही पर्यटकों को रोककर अभद्रता भी की। इस दौरान दो घंटे यातायात बाधित रहा। इसके अलावा उन लोगों ने सोनू भारद्वाज के घर पर पथराव व तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक तथ्यों को फैलाते हुए शांति व्यवस्था भंग करने व धर्म, जाति, वर्ग, क्षेत्र के नाम पर वैमनस्यता फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## रामबीर ने हथियार को मुजफ्फरनगर में छुपाया

देहरादून। देहरादून के रायपुर में डोभाल चौक पर गोलीकांड के मुख्य आरोपी रामबीर और भारद्वाज के गुर्गे अंकुश को पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। फिलहाल पुलिस को रामबीर का वह हथियार नहीं मिला है जिससे उसने गोलियां चलाई थीं। ऐसे में पुलिस अब रामबीर को कस्टडी रिमांड में लेकर पूछताछ करना चाहती है। पुलिस की ओर से अदालत में आरोपियों की दो दिन की कस्टडी रिमांड की अर्जी दी थी। लेकिन कोर्ट ने इस पर सुनवाई के लिए 21 जून की तिथि नियत की है। बताया जा रहा है कि आरोपी रामबीर ने अपने हथियार को मुजफ्फरनगर में छुपाया है। रामबीर मुजफ्फरनगर का ही रहने वाला है। देहरादून में घटना को अंजाम देने के बाद वह अपने परिवार के संग राजस्थान भाग गया था। पुलिस ने उसे राजस्थान के कोटपुलती इलाके से दबोचा था। इसके साथ ही दो बदमाशों मनीष और योगेश कुमार को बहादराबाद हरिद्वार में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। योगेश कुमार गोलीकांड के दौरान घटनास्थल पर बदमाशों के साथ था। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी थी।

# चलती कार के ऊपर गिरा पेड़,यातायात बाधित

## भीषण गर्मी और लंबे समय बाद हुई बारिश से लोगों ने ली राहत की सांस

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में जगह-जगह आधे घंटे की मूसलाधार बारिश आफत बनकर बरसी है। देहरादून के नयागांव पेलियों में पीएनबी बैंक के सामने चलती स्कॉर्पियो गाड़ी के ऊपर पेड़ आ गिरा। जिससे मार्ग में यातायात बाधित हो गया है। गाड़ी के अंदर बैठा चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। उधर चंपावत में मूसलाधार बारिश से घाट पनार एनएच कई जगह बंद हो गया। जिस कारण एनएच के दोनों और कई वाहन व यात्री फंस गए। बारिश इतनी तेज थी की बारिश के पानी के साथ भारी मात्रा में मलबा पहाड़ी से सड़क में आ गया। इसके अलावा सिंगदा में मदन होटल के पास मलबे से टनकपुर पिथौरागढ़ एनएच बंद हो गया। जिससे कई वाहन फंस गए। एसडीएम



लोहाघाट रिंकू बिष्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए एनएच के अधिकारियों को एनएच खोलने के निर्देश दिए। जिसके बाद एनएच खोलने का कार्य शुरू कर दिया गया है। एसडीएम रिंकू बिष्ट ने बताया की जल्द एनएच को यातायात के लिए सुचारु कर दिया जाएगा। वहीं लंबे समय बाद हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। मात्र आधे घंटे की तूफानी बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए। मौसम विभाग के निदेशक विक्रम सिंह ने बुधवार को देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, चम्पावत, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जिले में तेज आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। जबकि चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले में तेज गर्जन के साथ बारिश होने के साथ 40-50 किलोमीटर की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की सम्भावना जताई थी। इसके साथ ही आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश के चेतावनी जारी की थी।



## कैंची धाम पहुंचकर राज्यपाल ने किए दर्शन

नैनीताल(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि कैंची धाम आकर सदैव ही एक अद्भुत आध्यात्मिक शांति की और असीम ऊर्जा की अनुभूति होती है। बाबा नीब करौरी महाराज द्वारा स्थापित यह मंदिर अलौकिक शक्ति का केन्द्र है। यहाँ देश एवं विदेश से अनेकों भक्त दर्शन करने आते हैं। राज्यपाल ने कहा कि राज्य सरकार इस क्षेत्र को विकसित करने के हर संभव प्रयास कर रही है और भविष्य को ध्यान में रखते हुए यहां पर अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग, यातायात व्यवस्था, पेयजल आदि मूलभूत सुविधाओं को मुहैया करवाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी से यहां की चुनौतियों और समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

## सदमे में किशोरी ने लगाई फांसी

हल्द्वानी। दमुवाढूंगा कैनाल रोड निवासी वनकर्मी की बेटी जया पलड़िया (15) का शव मंगलवार रात फंदे से लटका मिला। पुलिस के अनुसार दो दिन पहले घर में हुई गाय की मौत के बाद से किशोरी सदमे में थी। घटना से परिजनों में मातम है। केशव दत्त पलड़िया वन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि सोमवार को घर में गाय की मौत हो गई थी। उनकी बेटी जया का गाय से बहुत लगाव था। गाय की मौत के बाद से वह सदमे में थी और गुमसुम रहने लगी। घटना के एक दिन बाद तक जया ने किसी से बातचीत नहीं की और मंगलवार को अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को मंगलवार शाम को किशोरी का शव घर के पीछे बने बाथरूम में फंदे से लटका मिला। परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जया को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची काठगोदाम पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एसओ काठगोदाम विमल मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं किशोरी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## नवनीत राठी सहित कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

देहरादून। भाजपा में बुधवार को आप पार्टी की ओर से मंगलौर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके नवनीत राठी, आर्य समाज नारसन के संरक्षक स्वामी सत्यानंद और जिला पंचायत सदस्य अरविंद राठी समेत तमाम नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। प्रदेश मुख्यालय में हुए ज्वाइनिंग कार्यक्रम में क्षेत्र के कई नेता व कार्यकर्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के साथ पहुंचे थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि मोदी के तीसरी बार पीएम बनने के बाद उत्तराखंड में आने वाले तीन सालों में सीएम पुष्कर धामी के नेतृत्व में फिर से तेज गति से विकास होना निश्चित है। जॉइनिंग कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, स्वामी यतीश्वरानंद, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला, सुनीता विद्यार्थी समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे । प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनावों में भी वहां कुल 132 बूथों में 47 पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। अब क्षेत्रीय जनता का धामी सरकार पर विश्वास 80 से अधिक बूथों में बढ़त दिलाकर रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाएगा। कांग्रेस को लेकर मीडिया के सवालों पर प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि जो भाजपा में आ गया वो हमारे परिवार का हिस्सा है, उन्हें इतनी ही दिक्कत है तो मंगलौर से अपने प्रत्याशी के बारे में बताएं जो कुछ समय से ही कांग्रेस में आए हैं, अन्यथा उनका लंबा जीवन बसपा में बीता है। असल भगौड़े तो कांग्रेस में हैं, जो लोकसभा चुनाव लड़ने से भागते फिरे।

## कांग्रेस प्रत्याशी काजी के नामांकन मे पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

रूड़की। रुड़की में विधानसभा मंगलौर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन के नामांकन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने आयोजित सभा में प्रतिभाग किया। इस दौरान पूर्व सीएम हरीश रावत ने विधानसभा क्षेत्र मंगलौर की जनता से कांग्रेस प्रत्याशी काजी निजामुद्दीन को विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश कं भाजपा सरकार की नीतियों से जनता त्रस्त हो चुकी है। मंगलौर क्षेत्र से कांग्रेस एकजुट होकर कांग्रेस प्रत्याशी को विधानसभा भेजने के लिए पूरी ताकत के साथ चुनौव लड़ेगी। इस दौरान प्रदेश



कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा,सह प्रभारी श्रीमती दीपिका पांडे, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति रौतेला, उत्तराखंड यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, वीरेंद्र सिंह रावत, आदेश चौहान, सुमित हृद्येश, भुवन कापड़ी सहित सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्ट नगर यूनियन ने उठाई व्यापार मण्डल में सदस्यता की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर व्यापार मंडल के चुनाव में सम्मिलित किए जाने की मांग को लेकर ट्रांसपोर्ट नगर यूनियन के बैनर तले सैकड़ों व्यापारियों ने ज्ञापन देकर चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा से नगर व्यापार मंडल के सदस्यता अभियान में शामिल करने की मांग की। चुनाव अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में ट्रांसपोर्ट नगर यूनियन के पदाधिकारी ने कहा कि वे लोग पिछले कई दशक से नगर व्यापार मंडल का हिस्सा बने हुए हैं तथा प्रत्येक चुनाव में अपनी भागीदारी निभाते आए हैं तथा हमेशा व्यापार मंडल का सहयोग करते आए हैं किंतु वर्तमान में नगर व्यापार मंडल के चुनाव की प्रक्रिया में ट्रांसपोर्ट नगर को परिसीमन से बाहर कर दिया है जो कि हम व्यापारियों के हित में नहीं है। व्यापारियों के हित को देखते हुए ट्रांसपोर्ट नगर के सभी व्यापारियों को व्यापार मंडल की सदस्यता अभियान में जोड़ा जाए। व्यापारियों का यह भी कहना है कि हेयर सैलून तथा अन्य ऐसे व्यापारी जो छोटे स्तर का व्यवसाय कर रहे हैं उन्हें भी सदस्यता अभियान में जोड़कर नगर व्यापार मंडल में शामिल



कर अध्यक्ष चुनने के लिए स्वतंत्रता दी जाए। ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार करने वाले व्यापारियों का कहना है कि लोकतंत्र में उनका भी मत देने का अधिकार है क्योंकि ट्रांसपोर्ट नगर किच्छा नगर व्यापार मंडल का हिस्सा है जिस वजह से उन्हें नगर व्यापार मंडल चुनाव से अलग करना न्याय संगत नहीं होगा। ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों के साथ आए सामाजिक एवं कांग्रेसी नेता एन यू खान, व अक्षय बाबा ने कहा कि किच्छा नगर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी व्यापारियों को नगर व्यापार मंडल के चुनाव में हिस्सेदारी करने के लिए उनको सदस्य बनाया जाना नितांत आवश्यक है इसके लिए उन्होंने नगर व्यापार मंडल चुनाव समिति से मांग की है कि उदारता अपनाते हुए जितना संभव हो सके सभी प्रकार के व्यापारियों को नगर व्यापार मंडल की सदस्य ता दे दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इससे एक तो व्यापार मंडल की ताकत बढ़ेगी तथा व्यापारियों में कुंठा का समावेश भी नहीं होगा। ज्ञापन देने वालों में व्यापारी नेता एवं कांग्रेसी नेता अक्षय बाबा एन यू खान के अलावा व्यापारी शाहिद, रफीक अहमद ,अबरार, लाइक अहमद ,इस्लाम, मोहम्मद शादाब ,साबिर, अयूब खान, नासिर, हबीब ,अल्तमश, दानिश, विक्की ,राजा, इसरार ,इकबाल, अनवर, रियासत सैफी, मोहम्मद रफी ,बिलाल सिद्दीकी, अलीम, नाजिम, इरशाद अहमद, शरीफ, मोहम्मद इरफान ,असीम, त्रिलोक सिंह ,लखन लखविंदर सिंह, जसविंदर सिंह, शकील सहित सैकड़ो व्यापारी सम्मिलित थे।

# संचालन समिति करेगी फैसला: गावा

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर व्यापार मंडल की 7 सदस्यीय चुनाव समिति के मुख्य चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा ने ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों को व्यापार मंडल की सदस्यता दिए जाने के संबंध में ज्ञापन देने आए सभी लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांग को चुनाव समिति के सम्मुख रखा जाएगा तथा समिति द्वारा निर्णय के बाद ही कुछ कहा जा सकता है उन्होंने कहा कि चुनाव संचालन समिति द्वारा ही एक राय होकर के नगर व्यापार मंडल के चुनाव में सदस्य अभियान चलाने हेतु परिसीमन किया गया है जिस पर वे स्वयं अकेले ही निर्णय नहीं ले सकते व्यापारियों के मांग को चुनाव संचालन समिति की मीटिंग बुलाकर समिति के सम्मुख रखा जाएगा तथा उस पर विचार विमर्श करने के बाद सर्वसम्मति से कोई ठोस निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए वे शीघ्र ही चुनाव संचालन समिति की एक बैठक आहूत करेंगे जिसमें ट्रांसपोर्ट नगर के सभी व्यापारियों की बात को रखते हुए अपनी राय भी चुनाव संचालन समिति के सम्मुख रखेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि जितना हो सकेगा वह सभी व्यापारियों की बात को दमदार तरीके से चुनाव संचालन समिति के सम्मुख रखेंगे इसके लिए सभी व्यापारियों को धैर्य बनाए रखना होगा। इसके लिए शीघ्रता शीघ्र जो भी निर्णय लिया जाएगा वह व्यापारियों को सूचना के माध्यम से बता दिया जाएगा उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव समिति का दायित्व है कि वह नगर व्यापार मंडल के चुनाव को पारदर्शिता अपनाते हुए संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध है।




क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


# पत्रकार की पुत्री का मोबाईल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साप्ताहिक समाचार पत्र के संपादक की पुत्री का मोबाईल अज्ञात व्यक्ति चाय की दुकान से चोरी कर ले गया। मानले की जानकारी पुलिस की दे दी गई है। दी गई तहरीर में गोपाल भारती पुत्र रामकरन निवासी नई बस्ती खेड़ा ने कहा है कि उसकी पुत्री नेहा भारती रामलीला ग्राउन्ड के सामने आज प्रातः लगभग 6.30 बजे चाय की दुकान में अपना मोबाइल मेज पर रख कर चाय पी रही थी। चाय के पैसे देने उठी थी इतने में कोई व्यक्ति उसका मोबाईल उठा ले गया। घटना की सूचना तत्काल पुलिस सहायता नंबर 112 पर दी गई। परंतु एक घंटा बीत जाने के बाद भी कोई पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। जिसके पश्चात काफी देर तक कन्तजर करने के बाद पुत्री वापस चली गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


आवश्यकता है

| | |
|---|---|
| अकाउंटेंट टेली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| फील्ड ऑफिसर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| रिसेप्शनिस्ट- | 2 वर्ष का अनुभव |
| सुपरवाइजर- | 3 वर्ष का अनुभव |
| माली- | 3 वर्ष का अनुभव |
| चपरासी | |

Mail yr bio data on Aalishan.uk@gmail.com

-संपर्क करें- मो.9568300015,17



विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444


# अवैध केसीनो में 6 लाख की नगदी सहित 12 जुआरी दबोचे

## पकड़े गये लोगों में रूद्रपुर के जुआरी भी शामिल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बाजपुर के एक घर में अवैध रूप से चल रहे केसीनो पर पुलिस ने छापा मारकर मौके से करीब 6 लाख की नगदी और केसीनो के क्वाइन सहित 12 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों में कुछ रूद्रपुर के जुआरी भी शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने खुलासा करते हुए बताया कि मुखविर से सूचना मिली थी कि बाजपुर स्थित एक घर में अवेध रूप से केसीनो संचालित हो रहा है, जिसमें रोजाना लाखों का दांव लगता है। एसएसपी मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर एसओजी काशीपुर और थाना बाजपुर की संयुक्त टीम ने बाजपुर के थाली फार्म दोराहा निवासी गुरमुख सिंह पुत्र सुलक्खन सिंह के घर पर दबिश दी । मौके पर गुरमुख सिंह सहित कुल 12 लोग केसीनो व जुए में हार जीत की बाजी लगाते हुये पकड़े गये।



जिनसे हार जीत की बाजी लगाते हुयें फड़ में डाली हुयी 5 लाख 93 हजार 670 कीरकम और 12,000 केसीनो क्वाइन व ताश की गड्डिया बरामद हुई। मौके पर केसीनो संचालक के अलावा चरन सदवानी पुत्र जेठामल निवासी मकान न0 38, किंगस्टन कालौनी, भूरारानी वार्ड न0- 31, रुद्रपुर , इमरान खान पुत्र करीम खान निवासी चकस्वार वार्ड न0-03, थाना स्वार रामपुर , अली हसन उर्फ सेठ पुत्र इब्ने हसन निवासी- मौ० रसूलपुर, थाना स्वार, रामपुर, फैज खान पुत्र नवाव खान निवासी मिलक दुन्दी, थाना स्वार, जिला रामपुर, अंकुर कुमार अग्रवाल पुत्र सुरेश कुमार अग्रवाल निवासी गांधी नगर, वार्ड न0-04 थाना बाजपुर , दलीप कुमार पुत्र नन्दलाल निवासी मकान नम्बर 40/1, खुशी इन्कलेब, भूरारानी वार्ड न0-31, रूद्रपुर, इकरार हुसैन पुत्र अबरार हुसैन निवासी धीमरखेड़ा, मस्जिद के पास, गदरपुर, हरप्रीत सिंह उर्फ सेठी पुत्र कृपाल सिंह निवासी केशोवाला फार्म, बाजपुर, मनीष कक्कड़ पुत्र किशन लाल निवासी आवास विकास, नियर शिव मंदिर, वार्ड न0-06, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर, फिरासत अली पुत्र बाबू साह निवासी मुकुन्दपुर, गदरपुर और संजय कुमार पुत्र हरपाल सिंह निवासी- फाजलपुर महरौला, रूद्रपुर को गिरफ्तार कर सभी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस पंजीकृत किया गया है।

# कहासुनी से नाराज सेवानिवृत्त रोडवेज चालक ने कोतवाली के सामने खाया कीटनाशक

## पुलिस ने बुजुर्ग को अस्पताल में करावाया भर्ती

हल्द्वानी। हल्द्वानी मंडी क्षेत्र निवासी सेवानिवृत्त रोडवेज चालक भगवान स्वरूप (60) ने बुधवार दोपहर हल्द्वानी कोतवाली के सामने अपनी ही कार में कीटनाशक गटक लिया। एक राहगीर ने पुलिस को घटना की सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग को अस्पताल भिजवाया। अब बुजुर्ग की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह भगवान स्वरूप की किसी बात को लेकर अपनी मां से कहासुनी हो गई। इसके बाद वह गुस्से में कार लेकर घर से निकले। दोपहर साढ़े 12 बजे उन्होंने कोतवाली के पास गाड़ी सड़क किनारे लगाई। कार में बैठकर बुजुर्ग ने




कीटनाशक खा लिया। यहां से गुजर रहे बाइक चालक ने जब उन्हें देखा तो पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कीटनाशक का पैकेट छीना और बुजुर्ग को बेस अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के मुताबिक भगवान स्वरूप रुद्रपुर डिपो से चालक के पद से सेवानिवृत्त हैं। एसओ उमेश कुमार मलिक ने बताया कि बुजुर्ग का उपचार चल रहा है, उनकी स्थिति खतरे से बाहर है।

# फॉलोवर बढ़ाने के लिए यूट्यूबर ने खुलेआम फ्री में बांटी बियर, पुलिस ने काटा चालान

## सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का एसएसपी ने लिया संज्ञान

हरिद्वार(उद संवाददाता)। सोशल मीडिया पर फॉलोवर्स बढ़ाने के चक्कर में एक यूट्यूबर ने शर्मनाक हरकत कर दी। यूट्यूबर ने खुलेआम बियर बांटी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने इसका संज्ञान लिया। पुलिस के शिकंजा कसते ही यूट्यूबर खुद ही थाने पहुंचा और पुलिस से माफी मांगते हुए बियर बांटने वाले वीडियो डिलीट किए। पुलिस ने युवक का पुलिस एक्ट में चालान कर आगे से ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी है। आरोपी एलएलबी का छात्र है। पुलिस के अनुसार, बुधवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें यूट्यूबर अंकुर



चौधरी निवासी मंत्रा अपार्टमेंट थाना सिडकुल अपने चौनल पर सब्सक्राइबर, कमेंट और लाइक बढ़ाने के लिए मुफ्त में बियर जगह-जगह छुपाकर बांटने का काम कर रहा था और इसके वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहा था। वीडियो सामने आते ही एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने तुरंत संज्ञान लिया और कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी बीच कार्रवाई का पता चलते ही डरकर यूट्यूबर खुद थाने पहुंचा। उसने ड्राई एरिया होने की जानकारी न होने की बात कहते हुए माफी मांगी। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि आरोपी युवक का पुलिस एक्ट में चालान कर उसे स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी गई है कि अगर पुनरावृत्ति हुई तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# टांडा जंगल में भड़की आग से मचा हड़कंप, हाईवे पर रोका ट्रैफिक

## आग की लपटों और धुंए के गुबार से घिरा हाईवे खाली कराने से टला हादसा






### हल्द्वानी से पहुंची फायर ब्रिगेड ने पानी की बौछारों से पाया काबू रूद्रपुर और हल्द्वानी से आने जाने वाले वाहनों को किया डायवर्ट

रूद्रपुर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं से वन विभाग के हाथ पांव फूले हुए हैं। बुधवार को दोपहर बाद टांडा जंगल में भीषण आग लगने से कई पेड़ धधक उठे जबकि जंगल की आग हल्द्वानी नैनीताल हाईवे तक पहुंच गई। आग की लपटों और धुंए के गुबार से हाईवे पर अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में रूद्रपुर से हल्द्वानी की ओर जा रही रही सैकड़ों गाड़ियों को टांडा बैरियर पर रोक दिया गया और हाईवे को खाली कर दिया गया। वहीं वनाग्नि की टाना के बाद वन विभाग और पुलिस कर्मियों की सर्तकता से बड़ा हादसा होने से टल गया। अगर थोड़ी सी भी चूक होती तो हवा के झोंके साथ भड़क आग की लपटों की चपेट में कई वाहन भी आ सकते थे। वहीं पुलिसकमियों व वन विभाग के कर्मचारियों ने सूझबूझ से वाहनों को बैरिकेड लगाकर अन्य मार्गो से डायवर्ट कर लोगों को राहत दिलायी। बताया जा रहा है कि रामपुर रोड पर बुधवार दोपहर को बेलबाबा के आसपास जंगल में लगी आग बेकाबू हो गई। इस कारण सुरक्षा की दृष्टि से दो घंटे तक दिल्ली हाईवे बंद करना पड़ा। हल्द्वानी की ओर से बेलबाबा के पास वन विभाग ने बैरीकेड लगाया तो गन्ना सेंटर पर पुलिस ने गाड़ियों को डायवर्ट करना शुरू कर दिया। यही स्थिति रुद्रपुर की तरफ पंतनगर मोड़ पर थी। यहां से वाहनों को लालकुआं की ओर भेजा गया। देर रात तक डीएफओ व



वनकर्मी मोर्चे पर डटे रहे। आग और ध ुएं की स्थिति को देख अंदाजा जताया जा रहा है कि कई हेक्टेयर जंगल चपेट में आ चुका है। बुधवार दोपहर दो बजे करीब रामपुर रोड पर बेलबाबा से पांच किमी नीचे करीब तराई केंद्रीय डिवीजन की भाखड़ा रेंज के जंगल में आग लग गई। हाईवे के दूसरी ओर हल्द्वानी रेंज का जंगल पड़ता है। कुछ देर में लपटें यहां भी पहुंच गई।सूचना पर डीएफओ उमेश चंद्र तिवारी के अलावा कई रेंज का स्टाफ भी यहां पहुंच गया। हल्द्वानी से दमकल विभाग की टीम भी मोर्चे पर उतर गई। फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों से पानी की बौछारें मारी गई। इस बीच हाईवे की ओर आग और धुआं बढ़ने लगा। इसलिए साढ़े तीन बजे के करीब बेलबाबा के पास वन विभाग ने बैरिकेड लगा हाईवे को बंद कर दिया। सुरक्षा की दृष्टि से यह जरूरी भी था।दूसरी तरफ टीपीनगर पुलिस ने वाहनों को गन्ना सेंटर से लालकुआं की तरफ डायवर्ट किया तो पंतनगर थाने के पुलिसकर्मियों ने पंतनगर मोड़ पर खड़े होकर रुद्रपुर से हल्द्वानी की ओर आ रही सभी गाडियों को लालकुआं की तरफ मोड़ दिया। साढ़े पांच बजे के आसपास हाईवे को खोला गया। हालांकि, हल्द्वानी से लालकुआं जाने वाली गाड़ियों को साढ़े छह बजे तक गन्ना सेंटर से लालकुआं की तरफ भेजा गया। इससे हल्द्वानी-दिल्ली हाईवे पर ज्यादा दबाव नहीं पड़ा। इधर देर रात तक तराई केंद्रीय डिवीजन के कर्मचारी जंगल में डटे हुए थे। यूसी तिवारी डीएफओ तराई केंद्रीय डिवीजन के अनुसार जंगल की आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। रात में भी टीम मौके पर थी। आग की चपेट में आने से जंगल में कितना नुकसान हुआ इसका आंकलन गुरुवार को हो पाएगा।





# स्थानीय लोगों की प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं का प्रस्ताव बनायें : रेखा आर्य

### जिला योजना की बैठक में प्रभारी मंत्री ने किया 70.20 करोड की जिला योजना परिव्यय का अनुमोदन, जनप्रतिनिधियों ने उठाई क्षेत्र की समस्यायें

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जनपद प्रभारी/ महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास,खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने 70 करोड 20 लाख 50 हजार ध नराशि की जिला योजना का परिव्यय का अनुमोदन किया। जिला योजना की बैठक में प्रभारी मंत्री श्रीमती आर्या ने बेस चिकित्सालय में आ रही पानी की समस्या को लेकर अधिकारियों पर गहरी नाराजगी भी व्यक्त की । उन्होंने जल संस्थान को शीघ्र जल संयोजन देने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होने कहा कि अधिकारी जिला योजना के कार्यो को पारदर्शी, गुणवत्तायुक्त तरीके से समयावधि के भीतर कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला योजना की बैठक में जिलाधिकारी वंदना द्वारा वर्चुवल प्रतिभाग कर प्रभारी मंत्री रेखा आर्या को जनपद में जिला योजना के अन्तर्गत विकास कार्यो के सम्बन्ध में विस्तार से बताया।श्रीमती आर्या ने कहा स्थानीय लोगों की प्राथमिकता के आध ार पर योजनाओं का चयन करें ताकि योजनाओं को साकार किया जा सके। उन्होने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं का चयन करने से पूर्व जनप्रतिनिधियो से समन्वय किया जाए। उन्होंने कहा जिला योजना के अन्तर्गत जितने भी नये प्रस्ताव लिये जा रहे हैं उन प्रस्तावों को निर्धारित





समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने अधिकारियों से कहा कि आम जनमानस को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, और जो भी समस्यायें है उनका प्राथमिकता के साथ निदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला योजना की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जो समस्याओं से अवगत कराया है अधि कारी उन समस्याओं का समाधान तय सीमा में करना सुनिश्चित करें। बैठक में विधायक बंशीधर भगत ने बताया कि बेस चिकित्सायलय के डायलिसिस केन्द्र में पानी नही आने से मरीजो को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिस पर प्रभारी मंत्री ने कडी नाराजगी व्यक्त करते हुये जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को शीघ्र जल संयोजन देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जल संयोजन देने के उपरान्त उन्हें भी अवगत करायें। उन्होने कहा समस्या का समाधान समयावधि में नही होने पर सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। जिला योजना की बैठक में कुल 70 करोड 20 लाख 50 हजार का परिव्यय अनुमोदित हुआ। जिसमें विगत वर्ष के सापेक्ष 8.03 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जनपद के अनुमोदित परिव्यय में सामान्य मद में 55 करोड 92 लाख 10 हजार, स्पेशल कम्पोनेंट सब प्लान (एससीएसपी) में 13 करोड 47 लाख 30 हजार तथा ट्राइबल सब प्लान में 81 लाख 10 हजार का परिव्यय अनुमोदित किया गया। जिला योजना के अन्तर्गत कृषि विभाग को 2 करोड 50 लाख, उद्यान विभाग 4 करोड 74 लाख,पशुपालन 3 करोड 40 लाख, मत्स्य 1 करोड 15 लाख, ग्राम विकास 1 करोड 18 लाख, सिचाई 3 करोड 75 लाख, लद्यु सिंचाई 2 करोड 50 लाख, लोनिवि 9 करोड 80 लाख, पर्यटन 4 करोड 50 लाख,खेल 1 करोड 50 लाख, युवा कल्याण 5 करोड 40 लाख,चिकित्सा 3 करोड, पेयजल निगम 2 करोड, जल संस्थान 4 करोड 30 लाख,बाल विकास 1 करोड 39 लाख, आयुर्वेदिक यूनानी 1 करोड 20 लाख, माध्यमिक शिक्षा 2 करोड 50 लाख, प्राथमिक शिक्षा 2 करोड 21 लाख, उरेडा 1 करोड 14 लाख, नलकूप 2 करोड 70 लाख तथा डेरी विकास विभाग को 90 लाख की धनराशि की योजनाओं का अनुमोदन किया गया। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, विधायक एवं पूर्व मंत्री बंशीधर भगत, विधायक डा. मोहन बिष्ट,विधायक सरिता आर्या, उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, ब्लाक प्रमुख कमलेश कैडा, रेखा रावत, गीता बिष्ट, रवि कन्याल, मुख्य विकास अधि कारी अशोक कुमार पाण्डे, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सीएमओ डा. स्वेता अग्रवाल, जिला अर्थसंख्याधिकारी मुकेश नेगी के साथ ही जनपद के समस्त जिला पंचायत सदस्य व अधिकारी उपस्थित थे।

# उद्योगों की उन्नति में सहायक सिद्ध होगी प्रदर्शनी: बंसल

## तीन दिवसीय इंडस्टेक मशीन टूल्स और ऑटोमेशन एक्सपो का हुआ शुभारम्भ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।आर्क होटल एंड रिजॉर्ट्स में आयोजित तीन दिवसीय इंडस्टेक मशीन टूल्स और ऑटोमेशन एक्सपो 2024 का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुमायूं गढ़वाल चौंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अशोक बंसल ने विधिवत रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर शहर के सभी गणमान्य उद्योगपति उपस्थित रहे। इस एक्सपो में विभिन्न उद्योगों के लिए उन्नत तकनीकी समाधानों की पेशकश की जा रही है, जिससे उद्योग की स्थिरता और उन्नति में सहायक साबित होगा। एक्सपो में मशीन टूल्स, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स, एम्बेडेड सिस्टम्स, और नवाचारी तकनीकी समाधानों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बार प्रदर्शनी में संपूर्ण भारत वर्ष से लगभग 150 ओद्योगिक इकाइयों ने अपने अपने उत्पाद प्रदर्शित किये, जिनमे से हाई स्पीड लेजर कटिंग मशीन, शीट मेटल वर्किंग, वेल्डिंग मशीन, ग्राइंडिंग मशीन, जोइनिंग प्रोसेस, मेटलर्जी के साथ साथ उद्योगों के लिए रोजमर्रा की मशीन जैसे कंप्रेसर, जनरेटर, ट्रांसफार्मर, कण्ट्रोल पैनल, तार, समक लाइट प्रमुख है।प्रदर्शनी एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े तमाम लोगो को धातुनिर्मान से सम्बंधित अपना ज्ञान साझा करने और कारोबारी लेन-देन के लिए एक उत्कृष्ट मंच उपलब्ध कराने में सफल हुई है। एक्सपो के बिजनेस टू बिजनेस प्रदर्शनी है, जिसमें देश भर से आए उद्यमियों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। एक्सपो में सूई से लेकर रोबोटिक मशीनों तक के उत्पादों को शामिल किया गया है, जिन्हें उद्यमी अपने उद्योगों में इस्तेमाल कर सकते हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से रुद्रपुर और निकट क्षेत्र में स्थित औद्योगिक इकाइयों को अपनी फैक्ट्री सुचारु चलाने में उपयोगी सभी उपकरण व सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकेगी उद्योगपति विभिन्न उपकरण निर्माता व सप्लायर से सीधे मुलाकात कर सकते हैं व उपकरण निर्माण की संपूर्ण जानकारी व तकनीकी ज्ञान उपकरण के विशेषज्ञों के द्वारा प्राप्त कर सकते हैं। बंसल ने कहा कि हमारे यहां के उद्योग किस तरह के उत्पाद बना रहे हैं। इससे अपना खुद का उद्योग शुरू करने की योजना बना रहे युवाओं को भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इससे उन्हें अपने क्षेत्र में चल रहे उद्योगों को जानने व समझने का मौका मिलता है यहां पर कई तरह के ओद्योगिक उत्पाद एक साथ देखने को मिल रहे हैं, जिससे उन्हें अपनी पसंद के उत्पाद का चुनाव करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। प्रदर्शनी में विभिन्न उद्योगों के अनेको उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। रुद्रपुर गत वर्षो से उत्तराखंड का एक बहुत बड़ा उद्योगिक केंद्र रहा है जिसमे अनेको छोटे बड़े उद्योग उपस्थित है जिनके द्वारा अनेको उत्पाद निर्मित होते है परन्तु यहाँ बनने वाली मशीनों व् उपकरणों की जानकारी सभी को नहीं होती जिस कारण शहर की अधिकतर इंडस्ट्रीज दुसरे शहर से इन्हें मंगाते है इस एक्सपो के माध्यम उद्यमी को मशीने व् उपकरण उन्हें शहर से ही आसानी से उपलब्ध हो रहे है जिससे उनका ट्रांसपोर्ट व्यय भी कम हो जाता है द्यउद्योगिक प्रदर्शनी द्वारा उद्योगिक इकाइयों को पर्याप्त मात्रा एवं गुणवत्ता के उत्पाद देखने व खरीदने को मिलते है द्यइस प्रकार की प्रदर्शनी से रुद्रपुर के उद्योगों को गति मिलेगी और नए अवसरों का लाभ भी मिलता है। उद्योग जगत में हो रहे नए बदलाव की जानकारी उद्योग प्रदर्शनी द्वारा प्राप्त होगी, तथा देश विदेश में आई नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी, प्रदर्शनी में उपकरण के सभी प्रतिस्पर्धी उपलब्ध होने से उत्पादों की तुलनात्मक जानकारी मिल रही है।प्रदर्शनी के दौरान अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, 20 जून को प्रदर्शनी में स्थित सेमिनार हॉल में एक कौशल विकास कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमे इंडस्ट्री से जुड़े लोग अपनी कर्यषमता बढाने के गुर सीख सकेंगे। कार्यक्रम का आयोजन गत वर्षो की भांति द्रोणाचार्य इवेंट्स द्वारा किया जा रहा है। रुद्रपुर में होने वाली औद्योगिक प्रदर्शनी उत्तराखण्ड की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदर्शनी होगी जिसमें देश विदेश से 10000 से अधिक अपेजवते के आने की उम्मीद है। प्रदर्शनी में रोबोटिक मशीनरी तथा कंप्यूटर चालित मशीनों का भी प्रदर्शन किया जाएगा जिसके द्वारा उद्योगों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उत्पादन की क्षमता बढाई जा सकती है।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिडकुल अन्त्रिप्रेनोर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, दुर्गेश, आर. के.बत्रा, संजय जुनेजा, मनोज छाबड़ा, संदीप राव,विकास पाण्डेय, आर.सी. बिंजोला, आशुतोष शर्मा, अनूप सिंह, दीपक चौधरी,संतोष पांडेय आदि मौजूद थे।







# थोरैसिक के चार मरीजों की एडवांस तरीके से की सफल सर्जरी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली (गाजियाबाद) ने अवेयरनेस सेशन आयोजित किया। इस दौरान थोरेसिक और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के लिए उपलब्ध इलाज की जानकारी दी गई। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली में थोरेसिक व रोबोटिक सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉक्टर प्रमोज जिंदल के साथ हल्द्वानी के वो चार मरीज भी रहे जिनका यहां सफल इलाज किया गया। इन मरीजों में 33 वर्षीय मोहसिन खान, 44 वर्षीय मनिल लाल वर्मा, 60 वर्षीय कृष्ण राम आर्य और 23 वर्षीय रोहित कुमार थे। डॉक्टर प्रमोज जिंदल ने बताया मोहसिन खान को 2 सप्ताह से बार-बार खून की खांसी की शिकायत हो रही थी। सीटी स्कैन और जांच में सामने आया कि उनके दाहिने फेफड़े में परेशानी है। हमने सफलतापूर्वक राइट लोअर लोबेक्टमी की और फेफड़ों के खराब हिस्से को पूरी तरह हटा दिया और इस सर्जरी के बाद मरीज के सभी लक्षण खत्म हो गए और अब वो सही हालत में हैं। डॉक्टर जिंदल ने बताया मनिल लाल वर्मा को प्लूरल मेसोथेलियोमा नामक एक बीमारी का पता चला था। जहां कैंसर की एक मोटी परत फेफड़ों को कवर करती है। डॉक्टरों की टीम ने शुरू में तरल पदार्थ को बाहर निकालने के लिए उसके सीने में एक ट्यूब डालने का फैसला किया और इस कैंसर का डायग्नोज किया। यह एक बड़ी सर्जरी थी जिसमें पूरे फेफड़े के साथ-साथ इसके आवरण, दिल की कवरिंग और सांस की मांसपेशियों को हटा दिया गया। मरीज को अस्पताल में ठीक होने में लगभग 10 दिन लगे। सर्जरी के बाद वो पूरी तरह ट्यूमर मुक्त हो गया। कृष्ण राम आर्य और रोहित कुमार को बार-बार खांसी में खून की शिकायत थी। ज्यादा ब्लडिंग के डर से ये दोनों ही काफी घबराए थे। सीटी स्कैन समेत अन्य जांच रिपोर्ट से पता चला कि उनके फेफड़ों के ऊपरी हिस्से में कैविटी थी उसमें फंगल बॉल थी। फेफड़े के खराब हिस्से को सर्जरी के जरिए पूरी तरह निकाल दिया गया। सर्जरी के बाद मरीज पूरी तरह ठीक हो गए और अब दोनों ही अच्छी हालत में हैं।मेडिकल एडवांसमेंट के बारे में डॉक्टर प्रमोज जिंदल ने बताया पिछले कुछ वर्षों में थोरैसिक सर्जरी से जुड़ी रोबोटिक तकनीक तेजी से विकास हुआ है। चेस्ट और पल्मोनरी सिस्टम में परेशानी वाले मरीजों के लिए इलाज की नई नई तकनीक आ गई हैं जिससे इंट्राऑपरेटिव और पोस्टऑपरेटिव रिजल्ट बेहतर हुए हैं।




# दो पक्षों में मारपीट,तीन घायल

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। मामूली विवाद को लेकर केलाखेड़ा क्षेत्र में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। खुलेआम सड़क पर मारपीट की घटना को देखकर सड़क पर लोगों का हुजूम लग गया। मामला बढ़ता देख किसी तरह लोगों ने बीच बचाव कराया। बता दें कि सद्दाम पुत्र शब्बीर चौधरी निवासी फिदानगर ने केलाखेड़ा थाने मे तहरीर देकर बताया कि वह अपने मोहल्ले के बाहर खड़ा था कि फिरोज पुत्र अज्ञात निवासी टांडा डालचंद व विक्की पुत्र जाहिद मोहल्ले मे लड्डू बांट रहे थे। सद्दाम ने आरोप लगाया कि उसके द्वारा लड्डू बांटने का कारण पूछते ही उक्त दोनों युवक गली-गलौच पर उतारू हो गए। इसके बाद दोनों पक्षों मे जमकर मारपीट हुई, वहीं दूसरी और दूसरे पक्ष का आरोप है कि सद्दाम द्वारा हम पर फब्तिया कसकर मारपीट की गई। किसी तरह रात्रि मे मामले को सुलझा लिया गया किंतु सुबह होते ही दोनों पक्ष फिर से आमने सामने आ गए, जहां दोनो पक्षो मे फिर से मारपीट शुरू हो गई जिसमे दोनो पक्षो से तीन लोग घायल हो गए है। पुलिस को दोनो पक्षो की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है, फिलहाल पुलिस द्वारा घायलो का चिकित्सय परीक्षण कराया जा रहा है।खबर लिखने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# कॉर्बेट प्रशासन को मिले तीन स्निफर डॉग्स

## मानसून सत्र में इनसे भी होगी वनों और वन्यजीवों की सुरक्षा

रामनगर(उद संवाददाता)। यहां स्थित विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क प्रशासन को 3 स्निफर डॉग प्राप्त हुए है, आइटीबीपी, ट्रैफिक इंडिया,डब्लू डब्लू एफ और उत्तराखंड वन विभाग का यह कोलेब्रेटीव (सहयोगात्मक)प्रॉजेक्ट है। बता दें स्निफर डॉग्स आसानी से संदिग्ध लोगों को चिन्हित कर सकते हैं, कॉर्बेट पार्क की सबसे संवेदनशील बाउंड्री वाली सीमा पर इन डॉग्स के साथ गश्त की जाएगी। बता दें कि इन डॉग्स को कॉर्बेट पार्क की स्पेशल ऑपरेशन टीम के सुपुर्द किया गया है,इन डॉग्स को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के साथ ही कालागढ़ टाइगर रिजर्व में रखा गया है अब कॉर्बेट प्रशासन के पास 4 स्निफर डॉग्स हो चुके हैं। गौरतलब है कि यह तीनों स्निफर डॉग्स प्रशिक्षित है, इन तीनों डॉग्स और इनके हैंडलर्स को कार्बेट टाइगर रिजर्व की वन सुरक्षा इकाई में तैनाती दी गई है, इसमें बेल्जियन मैलिनोइस प्रजाति के लगभग एक वर्ष की उम्र के तीन स्निफर डॉग्स बडी, ट्रॉस व जैकी हैं। यह डॉग्स सीटीआर के अंतर्गत वन एवं वन्यजीव सुरक्षा व्यवस्था में अहम भूमिका निभाएंगे,यह डॉग सूंघकर पहचानने में कुशल हैं। जानकारी के अनुसार इनके हैंडलर्स को राष्ट्रीय श्वान प्रशिक्षण/ प्राथमिक प्रशिक्षण केन्द्र, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल भानू पंचकूला हरियाणा में छह माह का सघन प्रशिक्षण दिया गया है,यह डॉग वन्यजीवों के अंगों को सूंघकर पहचानने में कुशल है। वहीं जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर डॉ धीरज पांडे ने बताया कि कॉर्बेट प्रशासन को तीन स्निफर डॉग्स मिले हैं, जिनसे पार्क की अति संवेदनशील संघन बाउंड्रीज पर इन डॉग्स के सहयोग से गश्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह स्निफर डॉग्स वन्य जीव आर्टिकल्स को सूंघकर पहचानने में सक्षम है, इनका प्रयोग कॉर्बेट पार्क की सघन बाउंड्रीज पर किया जाएगा,उन्होंने कहा कि गश्त में भी इनका प्रयोग किया जा सकता है, जो हमारे कॉर्बेट पार्क से लगते गांव है, उनमें भी इन डॉग्स का बहुत अच्छा प्रयोग किया जा सकता है,उन्होंने कहा कि दो डॉग्स को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में रखा गया है और एक डॉग की तैनाती कालागढ़ टाइगर रिजर्व की सघन बाउंड्रीज पर की गई है। उन्होंने कहा कि इससे वन सुरक्षा और ज्यादा सुदृढ़ हो पाएगी।



# गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा प्रबंधक कमेटी के प्रीतम प्रधान और रक्षपाल सेक्रेटरी बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्केट प्रबंधक कमेटी के गत दिवस गुरुद्वारा परिसर में चुनाव कमेटी की देखरेख में हुए चुनाव में सर्व सम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें प्रीतम सिंह चावला प्रधान, गुरमीत सिंह बठला मीत प्रधान, रछपाल सिंह हैप्पी सेक्रेटरी, हरजीत सिंह विर्दी मीत सेक्रेटरी, अजमेर सिंह बहल खजांची व अमनदीप सिंह स्टेज संचालक चुने गए। चुनाव के पश्चात सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने गुरुद्वारा में शीश नवाकर अरदास की। सभी को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चुनाव कमेटी के जसपाल सिंह भट्टी, सुरमुख सिंह विर्क, रामसिंह बेदी, हरविंदर सिंह हरजी, डा. मनमोहन सिंह, पूर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान जसपाल सिंह भट्टी, मीत प्रधान सतनाम सिंह हुंडल, सेक्रेटरी मनजीत सिंह मक्कड़, मीत सेक्रेटरी परविंदर सिंह पम्मा, खजांची हरविंदर सिंह जोनी सहित सदस्यों में जीत सिंह चाचू, प्रीतम सिंह कालड़ा, लखविंदर सिंह बेदी, उपकार सिंह बेदी, जसविंदर सिंह जस्सी,जीत सिंह, सरनजीत सिंह व राजेंदर सिंह पिंकी आदि समेत कई लोग मौजूद रहे।



# बाईक सवार उचक्कों ने झपटा मोबाईल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र में उचक्कों का आतंक थम नहीं रहा है। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्रांतर्गत शिमला बहादुर में समोसा खा रहे युवक से बाइक सवार दो उचक्के मोबाईल झपटकर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक विक्की पुत्र भूरे लाल निवासी ट्रांजिट कैम्प का कहना है कि 19 जून को रात लगभग 8 बजे वह अपने घर से बाजार गया था। तभी रास्ते में शिमला बहादुर स्थित समोसे की दुकान पर समोसे खा रहा था। उसी वक्त उसका फोन आया और वह अपने फोन पर बात करने लगा। उसी वक्त दो अज्ञात लोग मोटर साईकल पर सवार हो कर आये और उसके हाथ से फोन छीना और भाग गये। उसने बताया कि पुलिस यह कहकर उसकी तहरीर नहीं ले रही है कि मोबाईल गुम होने की तहरीर बनवाकर लाओ।

उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## परीक्षाओं में धांधली

चिकित्सा पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित इस बार की राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा यानी नीट को लेकर उठे विवाद ने एक बार फिर प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर उठते सवाल गहरे कर दिए हैं। कुछ केंद्रों पर गलत पर्चा बंटने के बाद से ही विद्यार्थी आरोप लगाते रहे कि प्रश्नपत्र पहले ही बाहर निकल चुके हैं, मगर राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए लगातार उस आरोप को खारिज करती रही। फिर नतीजे आए तो उसमें कई विसंगतियां देखी गईं। सड़सठ विद्यार्थियों को पूरे सात सौ बीस अंक मिले थे। करीब सोलह सौ विद्यार्थियों को कृपांक दिए गए। मामला सर्वोच्च न्यायालय में पहुंचा, तो उसने स्थिति स्पष्ट करने को कहा। मगर फिर भी एनटीए और सरकार की तरफ से तर्क दिया जाता रहा कि परीक्षा का पर्चा बाहर नहीं गया, उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में कुछ त्रुटि हो सकती है। उसके लिए एक जांच समिति गठित कर दी गई। सोलह सौ विद्यार्थियों को दुबारा परीक्षा में बैठने की सहूलियत दी गई। मगर अब सबूत सामने आने लगे हैं कि प्रश्नपत्र पहले ही बाहर हो गया था। इससे एक बार फिर एनटीए की साख धूमिल हुई है। इस संस्था का गठन ही इस मकसद से किया गया था कि यह पूरी पारदर्शिता के साथ और चौक-चौबंद तरीके से प्रतियोगी तथा प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करेगी। इससे नकल माफिया पर अंकुश लगेगा। जिस तरह पूरे देश में नकल माफिया का जाल फैल चुका है और वे सख्त से सख्त पहरे में भी सेंधमारी करने में माहिर हो चुके हैं, उससे पार पाने में एनटीए को एक कारगर तंत्र माना जा रहा था। मगर वह भी विफल हो चुका है। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं के पर्चे फोड़ने में सबसे अधिक कोचिंग संस्थानों का हाथ देखा गया है। राज्य सेवा आयोग की परीक्षाओं तक में वे सेंध लगाते पाए गए हैं। उन पर नकेल कसने का अभी तक कोई पुख्ता तंत्र नहीं बन पाया है। परीक्षाओं में धांधली होनहार विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ और व्यवस्था में औसत तथा अयोग्य लोगों की फौज जमा करते जाने की कोशिश है। बिना दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना मुश्किल है।

## विद्युत संविदा कर्मियों को चार माह से नहीं मिला वेतन, आक्रोश

गरुड़(उद संवाददाता)। विद्युत संविदा कर्मियों को चार माह से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। विद्युत कर्मियों ने शीघ्र ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने और उन्हें नियमित वेतन दिए जाने की मांग की है। विद्युत संविदा कर्मियों की संघ के अध्यक्ष नारायण सिंह परिहार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मियों ने कहा कि वे ठेकेदार के अधीन काम करते हैं। लेकिन ठेकेदार द्वारा उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जाता है। उन्हें पूर्ण वेतन भी नहीं मिलता है। काम के सापेक्ष उनका वेतन कुछ भी नहीं है। इसके अलावा उन्होंने बीमा, पीएफ, एएसआई, परिचय पत्र, सुरक्षा उपकरण भी दिए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कर्मियों से मानकों से अधिक कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने तत्काल ठेकेदारी प्रथा को समाप्त कर विद्युत कर्मियों के लिए ठोस नीति बनाने, शीघ्र चार माह का वेतन दिए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक पखवाड़े के भीतर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे कार्य बहिष्कार कर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। संचालन प्रकाश खुल्बे ने किया। इस दौरान तारा दत्त शर्मा, चतुर सिंह, शंकर राम, मंगल सिंह, खीम सिंह, बलवंत सिंह, धन सिंह, भुवन राम, भुवन जुयाल, नवीन मिश्रा, अनिल पंत आदि उपस्थित थे।

# जलवायु अनुरूप नगरों की जरूरत

श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार तेज गर्मी या प्रलय आने पर सांवर्तक सूर्य अपनी प्रचंड किरणों से पृथ्वी, प्राणी के शरीर, समुद्र और जल के अन्य स्रोतों से रस यानी नमी खींचकर सोख लेता है। नतीजतन उम्मीद से ज्यादा तापमान बढ़ता है, जो गर्म हवाएं चलने का कारण बनता है। यही हवाएं लू कहलाती हैं। परंतु अब यही हवाएं देश के पचास से ज्यादा शहरों को 'ऊष्मा-द्वीप' (हीट आइलैंड) में बदल रही हैं। राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में पारा 43 से 47 डिग्री के बीच बना हुआ है। राजस्थान के बाड़मेर में दिन का तापमान 48 डिग्री और हिमालय की शीतल घाटी कश्मीर में गरम हवाओं के चलते तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ और दिन यही तापमान बने रहने की घोषणा कर दी है। आमतौर से गरम हवाएं तीन से आठ तीन चलती हैं और एक-दो दिन में बारिश हो जाने से तीन-चार दिन राहत रहती थी, लेकिन इस बार गरम हवाएं चलने की निरंतरता बनी हुई है। जिसने कई शहरों को ऊष्मा-द्वीप में बदलकर रहने लायक नहीं रहने दिया है। इसके प्रमुख कारणों में शहरीकरण का बढ़ना और हरियाली का क्षेत्र घटना माना जा रहा है। ज्यादातर उश्मा-द्वीप घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में आमद दर्ज करा रहे हैं। ऐसे इलाकों में बाहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक तापमान का सामना करना पड़ता है। ऊंची इमारतें, सीसी की सड़कें, पैदलपथ और अन्य बुनियादी ढांचागत विकास इसके लिए दोशी हैं। यह विकास जल निकायों जैसे प्राकृतिक परिदृष्यों की तुलना में सूर्य की गर्मी को अधिक अवशोषित कर, फिर इस गर्मी का उत्सर्जन करते हैं। ऐसे में हरियाली कम होने के कारण ये उच्च ताप वाले क्षेत्र उश्मा-द्वीप में परिवर्तित हो जाते हैं। इन क्षेत्रों में दिन का तापमान लगभग 1-7 डिग्री और रात्रि का तापमान लगभग 2-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। इस तापमान के बढ़ने के कारणों में कारों और अन्य वाहनों का दिन-रात आग उगलते रहना भी माना जा रहा है। एसी और फ्रिज भी निरंतर कार्बनडाइ ऑक्साइड उगल रहे हैं। वैसे सामान्य स्थिति में द्वीप का अर्थ समुद्री या नदी-घाटियों में पानी से घिरे उस ऊंचे स्थल से लिया जाता है, जिसके चारों ओर जल भरा होता है। लेकिन अब उश्मा-द्वीप वह शहरी इलाके कहलाने लगे हैं, जो बड़े तापमान से झुलझ रहे हैं। सीएसई ने देश में अलग-अलग जलवायु वाले नौ शहरों के अध्ययन में पाया कि जयपुर जैसे शहर में ज्यादा तापमान वाले दिनों में शहर का 99.52 प्रतिशत हिस्सा गर्म हवाओं के केंद्र में आकर ऊष्मा-द्वीप बन जाता है। सतत आवास कार्यक्रम (सस्टेनेबल हैबिटैट प्रोग्राम) के निदेशक रजनी सरीन का कहना है कि हीट सेंटर उस क्षेत्र को कहते हैं जहां जमीनी सतह का तापमान (एलएसटी) छह साल या उससे अधिक समय में बार-बार मैदानी इलाकों में 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है।



महानगरों में हरियाली और जल-संरचनाओं का क्षेत्र कम होने से हीट सेंटर का विस्तार हो रहा है। खासतौर से शहरों में जो तत्व हरियाली और अद्रता बनाए रखते थे, जिनमें तालाब, नदी-झीलें शामिल हैं का अस्तित्व सिमटता जा रहा है। यह जलभराव गर्मी से बचाव करता था। इनके सिमटने से शहरों में और शहरों के आस-पास बंजर भूमि और ईंट, सीमेंट, कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। जो गर्मी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सीएसई ने नागपुर, अहमदाबाद, चेन्नई, पुणे, जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और भुवनेश्वर में यह सर्वेक्षण किया है। लेकिन जिन शहरों में इस नजरिए से सर्वे नहीं हो पाया है, वे भी ऐसे ही हालातों के शिकार हो सकते है ? मानव निर्मित प्रदूशण से जुड़ी इस आपदा के कारणों में आधुनिक विकास और बढ़ता शहरीकरण है। इन्हीं कारणों से हवाएं आवारा होकर लू का रूप लेने लगी हैं। लेकिन हवाएं भी भला आवारा होती हैं ? वे तेज ,गर्म व् प्रचंड होती हैं। जब प्रचंड से प्रचंडतम होती हैं तो अपने प्रवाह में समुद्री तूफान और आंधी बन जाती हैं। सुनामी जैसे तूफान इन्हीं आवारा हवाओं के दुष्परिणाम हैं। अमेरिका के नेशनल ओसियानिक एंड एटमॉसफेरिक एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट के अनुसार भारत ही नहीं दक्षिण एशिया के कई देश गरम हवाओं से जूझ रहे हैं। इन देशों में गरम हवाएं चलने की आशंका 45 गुना बढ़ गई है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार शामिल है। वियतनाम में तो हालात इतने बद्तर हो गए हैं कि गर्मी की वजह से कई तालाब पूरी तरह सूख गए हैं और लाखों टन मछलियां मर गई हैं। सरकार ने लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी है। पश्चिम एशिया के देश सीरिया, इजराइल, फिलिस्तीन, जॉर्डन और लैबनान में गरम हवाएं पांच गुना बढ़ सकती हैं। एशिया में घातक गरम हवाएं लगातार चलने का यह तीसरा वर्श है। इसकी एक वजह अलनीनो भी मानी जा रही है। प्रशांत महासागर से आने वाली गरम हवाओं की वजह से दुनिया में गरम हवाएं चल रही हैं। अभी हाल ही में अमेरिका के आयोबा राज्य में गरम हवाओं के तूफान से ग्रीन फील्ड नगर में कई मौतें हो गई हैं। इस बवंडर ने शहर के एक बहुत बड़े हिस्सों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। आजकल आवारा पूंजी की तरह हवाएं भी आवारा होकर भारत के एक बड़े भू-भाग में मचल रही हैं। तापमान 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जो लोगों को पस्त कर रहा है। अतएव हरेक जुबान पर प्रचंड धूप और गर्मी जैसे बोल आमफहम हो गए हैं। हालांकि लू और प्रचंड गर्मी के बीच भी एक अंतर होता है। गर्मी के मौसम में ऐसे क्षेत्र जहां तापमान, औसत तापमान से कहीं ज्यादा हो और पांच दिन तक यही स्थिति यथावत बनी रहे तो इसे 'लू' कहने लगते हैं । मौसम की इस असहनीय विलक्षण दशा में नमी भी समाहित हो जाती है। यही सर्द-गर्म थपेड़े लू की पीड़ा और रोग का कारण बन जाते हैं। किसी भी क्षेत्र का औसत तापमान, किस मौसम में कितना होगा, इसकी गणना एवं मूल्यांकन पिछले 30 साल के आंकड़ो के आधार पर की जाती है। वायुमंडल में गर्म हवाएं आमतौर से क्षेत्र विशेश में अधिक दबाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। वैसे तेज गर्मी और लू पर्यावरण और बारिश के लिए अच्छी होती हैं। अच्छा मानसून इन्हीं आवारा हवाओं का पर्याय माना जाता है, क्योंकि तपिश और बारिश में गहरा अंतर्सबंध है। हवाएं गर्म या आवारा हो जाने का प्रमुख कारण ऋतुचक्र का उलटफेर और भूतापीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) का औसत से ज्यादा बढ़ना है। इसीलिए वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि इस बार प्रलय धरती से नहीं आकाशीय गर्मी से आएगी। आकाश को हम निरीह और खोखला मानते हैं, किंतु वास्तव में यह खोखला है नहीं। भारतीय दर्शन में इसे पांचवां तत्व यूं ही नहीं माना गया है। सच्चाई है कि यदि परमात्मा ने आकाश तत्व की उत्पत्ति नहीं की होती, तो संभवतः आज हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। हम श्वास भी नहीं ले पाते। पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु ये चारों तत्व आकाश से ऊर्जा लेकर ही क्रियाशील रहते हैं। ये सभी तत्व परस्पर परावलंबी हैं। यानी किसी एक तत्व का वजूद क्षीण होगा तो अन्य को भी छीजने की इसी अवस्था से गुजरना होगा। प्रत्येक प्राणी के शरीर में आंतरिक स्फूर्ति एवं प्रसन्नता की अनुभूति आकाश तत्व से ही संभव होती है, इसलिए इसे ब्रह्मतत्व भी कहा गया है। अतएव प्रकृति के संरक्षण के लिए सुख के भौतिकवादी उपकरणों से मुक्ति की जरूरत है। क्योंकि हम देख रहे हैं कि कुछ एकाधिकारवादी देश एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियां भूमंडलीकरण का मुखौटा लगाकर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से दुनिया की छत यानी ओजोन परत में छेद को चौड़ा करने में लगे हैं। यह छेद जितना विस्तृत होगा वैश्विक तापमान उसी अनुपात में अनियंत्रित व असंतुलित होगा। नतीजतन केवल हवाएं ही आवारा नहीं होंगी ,प्रकृति के अन्य तत्व मचलने लग जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति भी बढ़ रही है और जलीय स्रोतों पर दोहन का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में प्रकृति से उत्पन्न कठिन हालातों के साथ जीवन यापन की आदत डालनी होगी तथा पर्यावरण संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान देना होगा।

**प्रमोद भार्गव, लेखक, साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

# लेखक राय व डा. हुसैन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की स्वीकृति पर भड़के माले कार्यकर्ता





रूद्रपुर/हल्द्वानी (उद संवाद दाता)। प्रसिद्ध लेखक और एक्टिविस्ट अरुंधति रॉय और कश्मीर यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर डॉ शेख शौकत हुसैन के खिलाफ 14 साल पुराने मामले में उपा के तहत दिल्ली के उप राज्यपाल द्वारा मुकदमा चलाने की अनुमति दिये जाने के खिलाफ भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने आज राष्ट्रीय प्रतिवाद के तहत कलेक्ट्रट परिसर में पर्दशन कर जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया कि प्रख्यात लेखिका अरुंधति रॉय और डॉ. शौकत हुसैन के विरुद्ध 2010 के एक प्रकरण में यूएपीए के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति, दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा दी गयी है। पूरे 14 वर्ष बाद यूएपीए जैसे कानून में मुकदमा चलाने की अनुमति देना, कानून का अनुपालन नहीं बल्कि सीधे तौर पर सत्ताशीन लोगों पर शक्तियों का दुरुपयोग है। सिर्फ बोली गयी बातों के मामले में आतंकवादी निरोधक कानून के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति देना और वह भी बोले जाने के 14 साल बाद अनुमति देना कतई स्वीकार्य नहीं हो सकता है। ज्ञापन में लेखिका अरुंधति रॉय और डॉ. शौकत हुसैन के विरुद्ध यूएपीए के तहत मुकदमा चलाये जाने की अनुमति तत्काल निरस्त करने, यूएपीए जैसे दमनकारी कानूनों को रद्द किया जाने व राजनीतिक दुराग्रह और मतभिन्नता के चलते गिरफ्तार किए गए सभी राजनीतिक कैदियों को रिहा किया जाने की मांग की गई है। इस दौरान राजेंद्र गुप्ता, विजय शर्मा, अमनदीप कौर, चंद्रीका भारती, दिनेश चंद, अखिलेश सिंह, ललित मटियाली व केहरी सिंह आदि मौजूद थे। उधर लालकुंआ में भी माले कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर मे प्रदर्शन कर तहसीलदार के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। भाकपा माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा अपने विरोधी विचार के लोगों को इस तरह के केसों में फंसा कर, उन्हें बरसों-बरस बिना मुकदमा चलाये जेलों में बंद रखने की यह परिपाटी, पिछले एक दशक से इस देश में चल रही है। अरुंधति रॉय और डॉ.शौकत हुसैन पर मुकदमा चलाने की अनुमति देना, एनडीए सरकार के इस कार्यकाल की पहली कार्यवाही है, जो बता रही है कि यह सरकार, दमनकारी कानूनों के दुरुपयोग के मामले में पुराने ढर्रे पर ही चलेगी। इस तरह की उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। इस दौरान आइसा जिलाध्यक्ष धीरज कुमार, वरिष्ठ नेता विमला रौथाण, कमल जोशी, निर्मला शाही, बिशन दत्त जोशी, आनंद सिंह दानू, त्रिलोक राम, माया देवी, बीएस आजाद, विशाल, आयशा आदि शामिल रहे।




# जिपं सदस्यों ने विकास कार्यो को समय से पूर्ण नही कराने पर जताई नाराजगी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला पंचायत की जिलास्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित हुई।विकास भवन सभागार में जिपं अध्यक्ष बसंती देव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जमकर हंगामा हुआ। जिला पंचायत सदस्यों ने अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।विपक्षी दल के सदस्यों ने उन्होंने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। पूर्व जिपंअ तथा सदस्य हरीश ऐठानी ने कहा कि जिपं क्षेत्र के लिए अपने क्षेत्र की जनसमस्याओं और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं को गम्भीरता से नही लिया जा रहा, कई बार क्षेत्रीय समस्याओ के समाधान के लिए प्रस्ताव देने के बाद भी उनकी योजनाओं को प्राथमिकता में नही रखा जाता है, वही ऊर्जा निगम पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाते हुए विद्युत पोल पर कई स्थानों पर झूलते तारों को ठीक नही किया गया है, जिससे



दुर्घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता हैं। उन्होंने झूलते हुए विद्युत लाइन के तार ठीक करने की मांग की। कहा कि सुमगढ़ हादसे के बाद भी शिक्षा विभाग नहीं जागा। संवेदनशील विद्यालय चयनित नहीं किए गए। गधेरों, नदियों तथा भूस्खलन वाले स्थानों पर स्कूल भवन बने हैं। कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में कपकोट की सड़कों का वन टाइम सटलमेंट नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। रामगंगा नदी पर झूला पुल शीघ्र बनाने की मांग की। हर घर जल योजना पर सवाल उठाए।सदस्यों ने अपने क्षेत्रों में विजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए उचित व्यवस्था नही किए जाने पर भी जलसंस्थान के खिलाफ नाराजगी जताई। सदस्यों ने बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, संचार आदि मुद्दों पर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट किया। वही मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने सभी अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता में रखते हुए परस्पर तालमेल बनाते हुए समय से समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिपं उपाध्यक्ष नवीन परिहार, नरेंद्र लाल, चंदन रावत, मदन राम, गोपाल सिंह, जर्नादन लोहुमी, सुरेंद्र सिंह, पूरन सिंह, प्रभा गढ़िया, इंद्रा परिहार, वंदना ऐठानी, गोपा धपोला, रूपा कोरंगा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# विधिक जागरूकता शिविर में लोगों को दी कानून की जानकारी

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिला जज और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेन्द्र दत्त के मार्गदर्शन में विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जयेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में ग्रामसभा पोथिंग कपकोट में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित लोगों प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह द्वारा लोगों को साईबर क्राईम, इण्टरनेट एवं सोशल मीडिया



फ्रॉड्स/स्कैम एवं नशे एवं ड्रग्स से होने वाले दुष्प्रभावों, विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम,1987, बाल विवाह, मोटर वाहन अधिनियम, नि:शुल्क कानूनी सहायता, वन सम्बन्धी कानून, उत्तराखण्ड यौन उत्पीड़न/अन्य अपराधों से पीड़ित सहायता योजना, 2020 एवं नालसा योजना 2010 से सम्बन्धित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के लिए बने कानूनों की भी विस्तृत जानकारी दी गई।इस दौरान शिविर में पीएलवी भगवत कोरंगा एवं ग्रामप्रधान सहित ग्रामीण पुरुष एवं महिलाए उपस्थित रहे।

# वाणेश्वर गांव को सड़क की दरकार

गरुड़(उद संवाददाता)। तहसील के वाणेश्वर गांव को आज भी एक अदद सड़क की दरकार है। ग्रामीण कई बार सड़क बनाए जाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन मात्र आश्वासनों के आज तक ग्रामीणों को कुछ नहीं मिला। ग्रामीणों ने मटेना के चमूधार तोक को जोड़ते हुए शीघ्र सड़क बनाए जाने की मांग की है। वाणेश्वर गांव के ग्रामीणों के लिए सड़क आज भी एक सपना बनी हुई है। ग्रामीण आज भी चार किमी की दूरी तय कर सामान के लिए गरुड़ बाजार पहुंचते हैं। सड़क के अभाव में डोली ही मरीजों के लिए एकमात्र सहारा बनी हुई है। काम की व्यस्तता के चलते कभी डोली पर कंधा लगाने के लिए भी लोग नहीं मिलते हैं। इससे बुजुर्गों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मटेना गांव के बुढ़सिमार व चमूधार तोक भी सड़क से वंचित हैं। बुढ़सिमार में ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय मटेना व राजकीय जूनियर हाईस्कूल मटेना भी स्थित हैं। राप्रावि मटेना पंचायत, विधानसभा व लोकसभा चुनाव का बूथ भी है। लेकिन आज भी सड़क से वंचित है। वाणेश्वर के जागरूक नागरिक किशन सिंह, बलवंत सिंह, किशन पुरी, चंदन पुरी, गोपाल सिंह, कैलाश पुरी, सुंदर सिंह, चमूधार के वरिष्ठ नागरिक कांतिबल्लभ जोशी, मनोज जोशी, शंकर दत्त फुलारा, प्रकाश जोशी, विजय जोशी, प्रदीप जोशी, पुष्कर जोशी आदि ग्रामीणों ने सिल्ली-मटेना सड़क से चमूधार, बुढ़सिमार को जोड़ते हुए वाणेश्वर गांव को सड़क बनाए जाने की मांग की है।

# पत्रकार प्रेस परिषद के अशोक सागर पुन: बने अध्यक्ष

खटीमा (उद संवाददाता)।पत्रकार प्रेस परिषद (इंडिया) शाखा खटीमा की लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में कुमाऊँ मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी की अध्यक्ष में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पास किए गये। बैठक में पत्रकार परिषद के सदस्यों के नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र भरे गए और प्रेस परिषद में नए सदस्यों का स्वागत किया गया। नई कार्यकारणी का गठन कर अशोक सरकार को पुन: नगर. अध्यक्ष मनोनीत किया गया।सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रेस परिषद खटीमा इकाई का बैंक अकाउंट खुलेगा जिसमें परिषद का हर सदस्य हर माह 50-50 रुपए जमा करेगा। कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी ने अवगत



करवाया कि पूर्व की तरह पत्रकार प्रेस परिषद के सदस्यों को 2,25,000 का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस मिलता रहेगा इसके अलावा ह 50000 का हेल्थ इंश्योरेंस का भी लाभ सदस्यों को मिलेगा। अशोक गुलाटी द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जानकारी पर सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय पदाधिकारी को धन्यवाद किया। इस मौके पर नैनीताल जिले के जिला अध्यक्ष उर्वा दत्त भट्ट भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर खटीमा से अनुज शर्मा, दीपक यादव ,भरत सिंह चुफाल, गुड्डू खान, ईश्वर सिंह, माया शंकर, गणेश पुजारा, टोनी वर्मा,अमित कुमार, विजय कुमार, हेमंत कुमार, सलीम, अमीर राजा, नवीन भट्ट, अजय गुप्ता, उपस्थित थे। वहीं सर्वजीत, संदीप भटनागर, अनंत कुमार और मुस्तकीम अंसारी को नए सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया और सर्व समिति से अधिवक्ता संदीप कुमार भटनागर और अधिवक्ता अनंत कुमार पांडे को पत्रकार प्रेस परिषद का कानूनी सलाहकार बनाया गया।

# घर में घुसकर दंपत्ति पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पारिवारिक विवाद के चलते विगत दिवस ट्रांजिट कैम्प कृष्णा कालोनी में कुछ लोगों ने हथियारों से लैस होकर घर में घुसकर दंपत्ति पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की तहरीर एसएसपी कार्यालय में दी गई है। कृष्णा कालोनी निवासी जगदीश चंद्र पुत्र मिश्री लाल का कहना है कि 18 जून को उसकी गैर मौजूदगी में छोटी पुत्रवधू, पुत्र एवं पुत्रवधू के मायके वाले एक राय होकर हथियारों तें लैस होकर बड़ी पुत्रवधू एवं पुत्र परशुराम पर जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला किया। जिससे पुत्रवधू एवं पुत्र



लहूलुहान होकर बेहोश हो गये। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल मे ले गए लेकिन उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। ये सब लोग मेरी पुत्रवधू एवं पुत्र को गम्भीरावस्था मैं छोड़ कर ये लोग भाग गये। आरोप है जब घटना की सूचना देने भाई ट्रॉजिट कैम्प थाने गया तो वहां पुलिस कर्मियों ने उसे पीटा।

# रखवालों ने ही कर दिया मकान का सौदा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति को यहां अपना मकान विश्वास पात्र दंपत्ति को देख रख के लिए देना महंगा पड़ गया। उन्होंने बिना मकान मालिक को बताए मकान का सौदा कर दिया। मकान मालिक के यहा आने पर जब वास्तविकता सामने आई तो उसने पुलिस को शिकायत कर कारवाई करने की मांग की। चुनार मिर्जापुर उत्तर प्रदेश निवासी प्रोवीर कुमार गुहा पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि उसका सामिया लेक सिटी में विला है। वह उत्तर प्रदेश रहता है जिस कारण उसने अपने उक्त मकान की देखरेख करने हेतु अपने रिश्तेदार ईलादेवी पत्नी बुलगानिन बैरागी व बुलगानिन बैरागी निवासी-वार्ड नं0-4 दिनेशपुर को कहा था। 18 जून को जब अपने विला में आया तो देखा कि वहां एक महिला रह रही है।उक्त महिला से अपने विला में रहने के बारे में पूछताछ की तो उसने कहा कि उसने विला ईलादेवी व उसके पति बुलगानिन से खरीद लिया है। जब महिला से मकान के कागजात दिखाने के लिये कहा तो वह आनाकानी करने लगी तथा कहने लगी कि तुम यहां से चलो जाओं, वर्ना तुम्हें ऐसे मामले में फंसाऊँगी तुम्हारी जमानत भी नहीं होगी। प्रवीर ने बताया आस पडोस के लोगो ने पता चला कि मकान में कई लडकियों व लडके रात बेरात आते-जाते देखा है। जिस पर हमें तो इस विला में रहने वाले लोग गलत दिखाई दे रहे है। इस पर ईला व उसके पति बुलगानिन बैरागी को बुलवाकर पूछताछ की तो वह कहने लगे कि यह महिला हमसे मकान की चाबी मकान को देखने हेतु लेकर गयी थी और मकान पर कब्जा कर बैठ गयी है और हमें भी धमका रही है। दोनो से यह कहा कि यह महिला तो कह रही है कि तुमने मेरा मकान इसे बेच दिया है, तब उक्त दोनो सकपका गये और उसे जान माल का नुकसान पहुँचाने की धमकी देते हुये चले गये।

## पेज एक का शेष...

**खाई में गिरी क्रेन और...** फेल हो गये और क्रेन खाई में गिर गयी, क्रेन के साथ बंधी कार भी खाई में गिरकर पहाड़ी पर अटक गयी। क्रेन और कार खाई में गिरने की सूचना मिलते ही ब्यासी स्थित एसडीआरएफ पोस्ट से सब इंस्पेक्टर नीरज चौहान के नेतृत्व में एसडीआरएफ की एक टुकड़ी तुरंत रेस्क्यू हेतु साकनीधार की ओर रवाना हुई। एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि स्विफ्ट कार लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिरी हुई थी और पहाड़ी पर अटकी पड़ी थी, जो कभी भी नीचे गिर सकती थी। जबकि क्रेन सड़क से करीब 150 मीटर खाई में पहाड़ी पर फंसी थी। एसडीआरएफ की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सबसे पहले स्विफ्ट में फंसे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू किया। स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर, खाई में फंसे स्विफ्ट कार में फंसे दो घायलों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की गई और उन्हें तुरंत देवप्रयाग स्थित नजदीकी अस्पताल भेजा गया। इसके बाद क्रेन में सवार घायलों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। टीम ने 150 मीटर नीचे गहरी खाई में उतरकर देखा कि क्रेन में फंसे दो व्यक्तियों में से एक गंभीर रूप से घायल था। उसे निकालने के लिए एसडीआरएफ की टीम ने गहरी खाई में उतरकर गंभीर घायल तक पहुंच बनाई। गंभीर घायल को रोप रेस्क्यू के माध्यम से स्ट्रेचर के साथ ऊपर लाने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की गई। कठिन परिस्थितियों के बावजूद, एसडीआरएफ की टीम ने कुशलता और धैर्य का परिचय देते हुए गंभीर घायल को सड़क तक सुरक्षित पहुंचाया और प्राथमिक चिकित्सा देकर तुरंत अस्पताल भेजा। इससे पूर्व स्थानीय निवासियों एवं पुलिस के द्वारा एक व्यक्ति को पूर्व में ही निकाला जा चुका था। एसडीआरएफ की त्वरित और कार्यवाही ने बड़ी घटना को टाल दिया और सभी की जान बचाई। घायलों में 20 वर्षीय परविंदर सिंह पुत्र किशोर सिंह, निवासी मोहाली, पंजाब, 31 वर्षीय गुरजीत सिंह पुत्र स्व0 गुरवचन सिंह, निवासी मोहाली, पंजाब, 31 वर्षीय संजय, निवासी श्रीनगर, पौड़ी, 30 वर्षीय चालक जॉनी पुत्र प्रीतम सिंह निवासी श्रीनगर, पौड़ी शामिल हैं। एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम में उप निरीक्षक नीरज चौहान, हेड कांस्टेबल प्रेम बिष्ट, कांस्टेबल विक्रम चौहान, अनिल चौहान अमित नौटियाल, पैरामेडिक्स संदीप रतूड़ी उपनल चालक नंदकिशोर शामिल थे।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम अरूण कुमार भटनागर से बदलकर अरूण कुमार रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम अरूण कुमार पुत्र श्री राम सहाय भटनागर से ही जाना पहचाना जाये।

अरूण कुमार पुत्र श्री राम सहाय भटनागर, निवासी-कान्ति विला,वार्ड नं. 11, राधा स्वामी के सामने, बाईपास कालोनी, सितारगंज, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड


**अंडर पास की तकनीकी...** 6 से 7 किलोमीटर लम्बा चक्कर काट के रेलवे फाटक के पास से जाते है जहाँ जाम व समय बर्बादी होती है। उनकी समस्या का समाधान होगा। मामले को लेकर विधायक शिव अरोरा ने दूरभाष पर सांसद अजय भट्ट से वार्ता की और पूरे मामले से अवगत करवाया। सांसद अजय भट्ट का भी कहना था कि जनहित का विषय है बड़ा दिल दिखाकर समाधान निकलकर इसको बनना चाहिए। उसके लिए जहाँ प्रशासन स्तर पर वार्ता करनी होगी वह प्रयास करेंगे। विधायक शिव अरोरा ने प्रशासन के अधिकारियो से भी वार्ता की कहा कि निश्चित रूप से यह अंडर पास ग्रामीण क्षेत्र के कई गावों की कनेक्टिविटी को सिडकुल व नैनीताल हाइवे से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण है। इसकी तकनीकी खामियों व समस्या पर अध्ययन कर उसको दूर करते हुए इसके निर्माण का रास्ता साफ हो। विधायक ने प्रशासन से वार्ता के बाद बताया कि प्रशासन की टीम शुक्रवार को प्रस्तावित निर्माण स्थल का भ्रमण करने आयेंगे ओर इसकी तकनीकी खामियों व अन्य समस्या का अध्ययन कर जनहित का रास्ता निकालेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि अंडर पास का निर्माण जल्द शुरू होगा। इस दौरान छतरपुर ग्राम प्रधान हरीश भट्ट, धर्मपुर प्रधान विक्की सिंह,पूर्व पार्षद मोहन खेड़ा, जगदीश सिंह, गुलाब सिरोही,ज्ञान सिंह चौहान, विनय विश्वास, अनमोल विर्क, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, संजय चौधरी, रघुराज रावत, बीडी उपाध्याय, कैलाश पाण्डेय, मोहन बरतवाल, ओमकार रावत, प्रदीप कुमार, प्रवेश शर्मा, अरविन्द बिन्द, बलवंत सिंह, रामदयाल, मंदीप सिंह, कमलेश कुशवाहा, प्रकाश चंडोला, राकेश नौटियाल,संजय आर्य, वीर प्रताप,नवीन खेतवाल,बीडीसी गुरबाज सिंह, प्रकाश राणा, अनिकेत दिवाकर व अन्य लोग मौजूद रहे।

**घर वालों से नाराज युवक..** ने रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रात को अभियान रोकना पड़ा सुबह पुन: सर्च अभियान चलाया गया लेकिन समाचार लिखे जाने तक पिता पुत्र का कोई सुराग नहीं मिला था। घटना से पिता पुत्र के परिजनों में कोहराम मचा है।

**संदिग्ध हालातों में ..** युवक के प्राईवेट पार्ट और अन्य अंगों पर धारदार हथियार से हमले के निशान हैं। गोविंद को अस्पताल भर्ती कराने आये लोगों का कहना था वह एक्सीडेंट में घायल हुआ है जबकि गोविंद की हालत देखकर आशंका जताई जा रही है कि उस पर हमला किया गया है। घायल की पत्नी दीपा ने भी पति पर हमले का संदेह व्यक्त किया है। समाचार लिखे जाने तक परिवारजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गयी थी।

**विद्युत कटौती पर ...** हो चुकी है। ऊर्जा प्रदेश का दावा करने वाली सरकार के दावे आज पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि आज के प्रदर्शन के बाद विभाग और सरकार ने जनता को इस कटौती से राहत नहीं थी तो रामनगर में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा । उन्होंने यह भी कहा कि रामनगर में अक्सर देखा गया है कि जनता की मूलभूत समस्याओं को लेकर रामनगर विधायक हमेशा गायब रहते हैं उन्होंने कहा कि आज जनता में विधायक के खिलाफ भी आक्रोश बढ़ने लगा है।

**दीवार ढहने से ...** बाद उत्तम को सितारगंज सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उत्तम की मौत हो गयी। अचानक घटनी घटना से उत्तम के परिवार में कोहराम मचा है। उत्तम मण्डल मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी सहित दो बेटी एक बेटा है,जिनका रो रो कर बुरा हाल है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

## रूद्रपुर का सिडकुल ढाल मार्ग बन गया है आपराधिक तत्वों का अड्डा

# छीना झपटी, लूटपाट, छेड़छाड़ व मारपीट की हो रही वारदातें

## ट्रांजिट कैम्प व पंतनगर थानों की खामोशी दे रही अपराधों को बढ़ावा

-प्रमोद धींगरा-

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल में औद्योगिक इकाईयां स्थापित होने के बाद से रूद्रपुर व आस पास के क्षेत्रों में प्रदेश से बाहर के आये लोगों की संख्या में बेहताशा वृद्धि हुई है। पंतनगर एवं ट्रांजिट कैम्प थानों के मध्य स्थित श्रमिकों के आने जाने का व्यस्त सड़क मार्ग सिडकुल ढाल पिछले कुछ वर्षों से आपराधिक तत्वों का गढ़ बन चुका है। यहां पर चौबीसों घंटे आपराधिक तत्व लगातार सक्रिय रहते हैं। इस स्थान पर पिछले कुछ माह में लूट व छीनाझपटी की तमाम घटनायें घटित हो चुकी हैं तो वहीं अनेक बार फायरिंग तथा हत्या की घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल चुकी है। सिडकुल की फैक्ट्रियों में कार्यरत महिला श्रमिकों के साथ आते जाते छेड़छाड़ एक सामान्य बात हो गई है। अपराधों के लिहाज से अति संवेदनशील होने के बावजूद भी पंतनगर तथा ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने यहां महज सीसीटीवी लगाकर अपने दायित्वों की इतिश्री कर ली है। सिडकुल ढ़ाल पर कभी भी दोनों थानों का कोई भी पुलिस कर्मी नियमित रूप से ड्यूटी करते दिखाई नहीं देता है। चीता मोबाईल बाईक पर तभी नजर आते हैं जब कोई घटना घटित हो जाती है और आपराधिक तत्व घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो चुके होते हैं। कई बार तो पीड़ित व्यक्ति को ही पूछताछ के नाम पर घंटों थाने में बैठा दिया जाता है सिडकुल में औद्योगिक इकाईयां स्थापित होने के बाद से रूद्रपुर व आस पास के क्षेत्रों में प्रदेश से बाहर के आये लोगों की संख्या में बेहताशा वृद्धि हुई है। जिनमें अधिकांश किरायेदार के रूप में रह रहे हैं। भले ही पुलिस प्रशासन द्वारा किरायेदारों के सत्यापन के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। परंतु आपराधिक तत्वों को सलाखों के पीछे धकेलने में पुलिस को सक्रियता नहीं दिखा रही है। सक्रियता के नाम पर पुलिस कर्मियों का ध्यान किस ओर लगा रहता है इस पर कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है। क्षेत्र के लोग इससे भली भांति परिचित हैं। प्रातः एवं सायंकाल सिडकुल ढ़ाल के आसपास अक्सर ही आपराधिक तत्व घूमते रहते हैं। जो मौका मिलते ही आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के बाद तुरंत वहां से भाग जाते हैं। यहां शाम ढ़लने के बाद से देर रात्रि तक चाकू व तमंचे की नोक पर मोबाईल, नगदी, बाईक, साईकिल की लूट शुरू हो जाती है। गौरतलब बात तो यह भी है कि थाना पुलिस ऐसे मामलों पर गंभीर कार्रवाई नहीं करती है। अधिकांश पीड़ित लोग पुलिस की निष्क्रियता को देखकर खामोश होकर बैठ जाते हैं। क्योंकि उन्हें पूरा विश्वास होता है कि पुलिस मदद के नाम पर उन्हीं का उत्पीड़न करेगी। एसएसपी द्वारा मासिक समीक्षा बैठकों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित तो किया जाता है परंतु वास्तव में धरातल पर क्या हो रहा है इसकी पूरी जानकारी उन तक नहीं पहुंचने दी जाती है।

### अवैध शराब और नशा तस्करों का गढ़ बन चुका है ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आये दिन लूट और चोरी की घटनाओं को नशेड़ी दे रहे अंजाम

रूद्रपुर। क्षेत्र में बढ़ते आपराधिक ग्राफ के पीछे गौर करें तो एक बात यह सामने उभर कर आई है कि आज की युवा पीढ़ी को अपने शौक व नशा की पूर्ति के लिए रूपयों की जरूरत बढ़ती जा रही है। जिसे पूरा करने के लिए वह अपराध की ओर बढ़ रहा है। सिडकुल ढ़ाल में हो रहे आपराधिक मामलों में ऐसे अधिकांश युवकों के शामिल होने पर कोई आश्चर्य नहीं होगा। हांलाकि कई बार पकड़े जाने के बावजूद पेशेवर माफियाओं के चंगुल में फसकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में शराब सहित नशे के अन्य सामान का पूरा नेटवर्क काम कर रहा है। थाना पुलिस द्वारा आये दिन नशा तस्करों को अवैध चरस, स्मैक व शराब के साथ पकड़ा जाना इस बात का प्रमाण है। गली मौहल्लों में नशे के शौकीनों को जरूरत का नशा मिल जाता है। नशे की लत को पूरा करने के लिए पैसों की व्यवस्था को तमाम युवक क्षेत्र में लूट या चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। सिडकुल व ट्रांजिट कैम्प में हो रही आपराधिक वारदातों के पीछे ऐसे युवकों के शामिल होने की प्रबल संभावनाएं हैं। जिस पर पुलिस प्रशासन को प्राथमिकता से ध्यान देने की आवश्यकता है।





## चुघ ने की सीएम से भू स्वामित्व दिलाने की मांग

देहरादून (उद संवाददाता)। चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रुद्रपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। सीएम धामी को दिए गए ज्ञापन में कहा कि पिछले वर्षों में नगर निगम , नगर पालिका का परिसीमन किया गया जिसके तहत पूरे राज्य के अनेकों गांवों को नगर निगम व नगर पालिका में शामिल किया गया, यह ऐसे गांव थे जो पहले ग्राम सभा अथवा ग्राम पंचायत में आते थे। इसी में रुद्रपुर शहर के भी ऐसे तमाम गांव थे जिन्हें नगर निगम में शामिल किया गया, लेकिन नगर निगम में शामिल होने के बाद भी अब तक इन ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना भू स्वामित्व का लाभ नहीं मिल पा रहा जिसके तहत उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।जिसके कारण से वह अपने आवासीय प्लॉट में कुछ भी निर्माण कार्य करना चाहते हैं तो उसमें जिला विकास प्राधिकरण उनको यह काम नहीं करने दे रहा है और यह आवासीय प्लाट पिछले 75 वर्षों से उनको मिले हुए हैं और वह आज ईट भी नहीं लगा पा रहे हैं। चुघ ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनको भू स्वामित्व का लाभ दिया जाए। मुख्यमंत्री ने जल्द मांगों का समाधान का आश्वसन दिया है।



## चैकिंग करते एटीआई से परिचालक ने की मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा से बरेली हाईवे मार्ग पर रोडवेज बसों की चैकिंग कर रहे सहायक यातायात निरीक्षक गोबिंद बल्लभ जोशी पर रूद्रपुर डिपो की एक बस के परिचालक ने अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। मामले की जानकारी विभागीय उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार रूद्रपुर डिपो की बस संख्या यूके 06 पीए 1385 यात्रियों को लेकर रूद्रपुर से बरेली जा रही थी। बस जब पत्थरचट्टा टोल के पास पहुंची तो वहां मौजूद सहायक यातायात निरीक्षक गोबिंद बल्लभ जोशी ने बस का निरीक्षण किया जिसमें टिकट मशीन की इन्ट्री और बस में सवार यात्रियों की संख्या में अन्तर होने पर उन्होंने नियमानुसार कार्रवाई करनी चाही तो बस परिचालक शंकर गहतोड़ी ने उनसे अभद्रता कर मारपीट करनी शुरू कर दी। जिससे वहां मौजूद लोग आवाक रह गये। श्री जोशी ने मामले की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी। बताया जाता है कि मामले पर कार्रवाई करते हुए रोडवेज प्रबंधन ने परिचालक शंकर पर बस पर परिचालन करने पर रोक लगा दी है। डिपो के एआरएम के एस राणा ने बताया कि परिचालक शंकर संविदा के रूप में कार्यरत है। उस पर पूर्व में भी ऐसे आरोप लग चुके हैं।

